नोएडा में नकली नोटों की मिली लाखों की गड्डी, 3 गिरफ्तार

नोएडा। थाना दनकौर पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो नकली नोट की गड्डी पकड़ा कर लोगों से असली नोट ले लेता था। इस गैंग के तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से 2,34,500 रुपए के नकली नोट की गड्डी बरामद किया है।

पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह की मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना दनकौर पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर विशाल चौहान, मोबीन खान तथा उपेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनका एक साथी प्रवेश कुमार सिंह फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि उनके पास से पुलिस ने 2,34,500 रूपए की बनी हुई नोटो की नकली गड्डी बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग कागज के टुकड़े को काटकर ऊपर और नीचे असली नोट लगाकर उसे असली गड्डी की तरह देखने वाली नोटों की गड्डी बना लेते थे। उन्होंने बताया कि ये लोग कुछ सामाजिक संस्थाओं और कंपनियों को अपने झांसे में फंसा कर उन्हें नकली नोटों की गड्डी देकर उनसे ठगी करते हैं।

Source: https://royalbulletin.in/Bundle-Of-Fake-Notes-Worth-Lakhs-Found-In-Noida-3-Arrested/103581